Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 29-03-2023 अंक 526

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज नहीं देने पर बरियातु मे विवाहिता की हत्या का लगाया आफोप

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : सदर थाना क्षेत्र के सीसी पंचायत अंतर्गत बारियातू गांव से दहेज नहीं देने पर विवाहिता हेमा कुमारी उम्र 20 की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। मृतिका की मां फूलमती कुवर ग्राम बारह लोटा ,थाना मेदनीनगर निवासी ने बताया कि वर्ष 2021 में मेरी पुत्री का शादी लाते. हार के ग्राम बरियातू निवासी कैलाश प्रजापति के पुत्र राहुल प्रजापति के साथ हुई थी। परंतु शादी के बाद मेरे बेटी के ससुराल वाले दहेज और एक मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। ससुराल वाले की मांग पूरी नहीं होने पर उसके पति राहुल प्रजापति ने हेमा को मायके भेज दिया। जिसके बाद मामला मुखिया तक पहुंचा। मुखिया ने दोनों पद से एक ब०न्ड लिखा कर मामले को शांत करा दिया। वहीं मृतीका का भाई शशिकांत कुमार ने बताया कि मेरी बहन को शराब बेचने और बनाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था, और दहेज मांगा जाता था। विरोध करने पर ससुराल वाले मारपीट भी करते थे। उसने बताया कि बीती रात्रि बहन से बात किया तो उसने कहा कि सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है ।परंतु ससुराल वालों द्वारा सुबह फोन पर यह जानकारी दी गई कि मेरी बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इधर मृतिका के परिजनों ने लातेहार थाना को आवेदन देकर मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मृतिका के मां ने कहा मेरे बेटी के ससुराल वालों ने साजिश रच कर मेरी पुत्री की हत्या कर डाला। उधर मृतिका के पति से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नही लग पाया।थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हॉ. स्पिटल भेज दिया गया दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक घायल




**अपेम लाइव : लातेहार**

महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड के एस एच 9 रांची रोड रामपुर पूल के पास बुधवार की शाम 5 महुआडांड़ बाजार की ओर से आ रहे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर मील खूटा से टकरा दुर्घटनाग्रस्त हुआ, वही मोटरसाइकिल में सवार नगर प्रतापपुर निवासी अंजन यादव ( 20 ) गंभीर रूप से घायल हुआ, रांची से आ रहे महुआडांड़ हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जयसवाल आपकी गाड़ी रोक कर ग्रामीणों की मदद से अंजन यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां का प्राथमिक उपचार कर प्रभारी ड० अमित खलखो के द्वारा बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। इस दुर्घटना में अंजन यादव का दाहिना पैर टूट गया और गंभीर चोट लगे है।

### सूचना

आप सभी अपेम लाइव न्यूज के पाठकों को सूचित किया जाता है की रामनवमी पर्व को देखते हुए कल यानी नवमी के दिन अखबार प्रकाशित नही किया जाएगा।

APEM LIVE

# राजपुर गांव के युवक को अज्ञात अपराधियों ने चाकू से मारकर किया हत्या

## हत्या के बाद अपराधियों तक पहुंचने के लिए लिया जा रहा है टेक्निकल सेल का सहारा

## अपराधियों के धरपकड़ के लिए पुलिस चला रही है छापेमारी अभियान, जल्द इस ब्लाइंड केश से उठेगी पर्दा : एसडीपीओ








**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के कैंडीनगर गांव के चुआडी मन्जराही जंगल से राजपुर पुलिस ने एक युवक का शव बरामद की।शव की शिनाख्त राजपुर गांव निवासी पवन कुमार चंद्रवंशी(पी ओ)के 18 वर्षीय पुत्र विष्णु कुमार के रूप में किया गया।शव की सूचना जंगल मे होने की बात सबसे पहले महुआ चुनने वाले ग्रामीण महिलाओं ने कैंडीनगर में ग्रामीणों को दी इसके बाद क्या था कि पूरा गांव शव देखने घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े।इसकी सूचना बुधवार की सुबह रा. जपुर थाना प्रभारी को कैंडी नगर के ग्रामीणों ने दी।उसके बाद थाना प्रभारी विकास पासवानने इसकी सूचना जिले के कप्तान को दी तथा घटना स्थल पर सत्यापन और शव की पहचान के लिए गए।जिसके शव को चाकू से गोद गोद कर मारा गया था।घटना स्थल से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू,भी बरामद की।सूचना मिलते ही सदर एस डी पी ओ अविनाश कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।और उन्होंने कहा कि जल्द ही हत्या में शामिल अपराधी पुलिस की शिकंजे में होगी।उन्होंने कहा कि हत्यारो तक पहुंचने के लिए टेक्निकल एक्सपर्ट का भी सहारा लिया जा रहा है।घटना स्थल से बरामद चाकू, शराब की बोतल और मृतक के मोबाइल का फिंगर प्रिंट भी लिया गया है।श्री कुमार ने कहा कि अपराधी चाहे जो भी हो उसे बक्शा नहीं जाएगा। इधर राजपुर के युवक की मौत के बाद राजपुर बाजार में सन्नाटा पसर गया।पूरे गांव में युवक की मौत की खबर आग की तरह फैल गई।उसके बाद मृतक के परिजनों में मानो अचानक बजर गिर गया हो।परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया ।

**शोशल मीडिया में समाचार चलने के बाद परिजनों ने पहचानी विष्णु का शव :** बताते चलें कि जब स्थानीय पत्रकार द्वारा शोशल मीडिया पर डाला गया तब परिजनों ने शोशल मीडिया पर डाले हुए फोटो से विष्णु की पहचान हुई।उसके पहले लगभग तीन से चार घँटे तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

**पुलिस के लिए चुनौती भरा है हत्या का उद्भेदन :** हत्या के बाद पुलिस के लिए चुनौती भरा है हत्या का पर्दाफांस करना।हालांकि चतरा में जितने भी ब्लाइंड मर्डर हुए हैं उसका उद्भेदन चतरा के जांबाज आरक्षी अधीक्षक के नेतृत्व में कम समय मे ही हो गया है।अब राजपुर गांव के ग्रामीणों का कहना है कि देखना है कि कितने घण्टे में इस ब्लाइंड मर्डर से पर्दा कितने समय मे उठती है।

**परिजनों और ग्रामीणों ने जल्द से जल्द हत्यारो की गिरफ्तारी की किया मांग :** राजपुर गांव के ग्रामीणों एवं परिजनों ने जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है।परिजनों ने कहा कि हत्यारों को फांसी की सजा हो।इधर युवक के मर्डर के बाद आस पास के ग्रामीण सहमे हुए है।

**मौके पर ये थे उपस्थितः** घटना स्थल पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार के अलावा, इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी, थाना प्रभारी विकास पासवान, सब इंस्पेक्टर नंदन कुमार सिंह सहित जिला बल के जवान मौजूद थे।

# बरही : रामनवमी पर्व को लेकर बरही प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रामनवमी पर्व को देखते हुए विधि व्यवस्था कायम करवाने को लेकर बुधवार को बरही पुलिस प्रशासन ने बरही चौक के चारो ओर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च बरही थाना परिसर से शुरुवात हुआ, जो धनबाद रोड होते हुए गया रोड, गया रोड से हजारीबाग रोड और हजारीबाग रोड से पटना रोड का भ्रमण करते हुए पुनरू बरही चौक पहुंची। जहां मार्च का समापन किया गया। इस दौरान बरही अनुमंडल पदाधिकारी पूनम कुजूर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर, बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार समेत कई पुलिस वाहनों के साथ सैकड़ो पुलिस जवान मौजूद रहे। इस दौरान एसडीओ पूनम कुजूर व एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा की बरही में रामनवमी पूजा एवं जुलूस में किसी प्रकार का विधि व्यवस्था बाधित न हो, जिसे देखते हुए अनुमंडल पुलिस द्वारा पूरे बरही अनुमंडल क्षेत्र में व्यापक व्यवस्था किया गया है। पूरे अनुमंडल क्षेत्र में सैकड़ों पुलिस कर्मियों की तैनाती जगह जगह पर किया गया है। बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्टिना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने आम जनता से आग्रह किया की पूजा एवं जुलूस शांति पूर्ण रूप से निकालें, जिसके लिए प्रशासन के द्वारा सभी प्रकार के आवश्यक कार्य किए जा रहे है, आप सबभी अपने बुद्धि एवं विवेक के साथ काम करते हुए अपने सभी प्रकार के धार्मिक पूजा अर्चना करते हुए जुलूस निकाले, प्रशासन आपके साथ है। साथ ही किसी भी जगह कोई असामाजिक तत्व के द्वारा विधि व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया जाता है तो आप तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करे उनसे निपटने के लिए हमारी टीम तैयार है।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## दैहर स्कूल की दिव्यांग छात्रा को मिला जिले का पहला बैट्री संचालित ट्राईसाईकिल, डीसी ने किया प्रोत्साहित

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




उत्क्रमित उच्च विद्यालय दैहर की पुरवर्ती दिव्यांग छात्रा रेखा कुमारी को हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय ने बैट्री संचालित ट्राईसाईकिल सौंपा। अपने कार्यालय परिसर में साईकिल सौंपकर डीसी ने छात्रा का मनोबल बढ़ाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। रेखा को यह सम्मान पिछले वर्ष 2022 के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होने पर मिला। जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा निर्गत जिला का पहला बैट्री संचालित ट्राईसाईकिल है।। दोनो पैरों से दिव्यांग रेखा को ट्राईसाईकिल मिलने से अ०फिसर बनने के सपनो को पंख मिलेगा। विद्यायल के प्रभारी शिक्षक प्रेम पंडित ने बताया कि रेखा शुरू से मेधावी छात्रा रहे है। रेखा ने मैट्रिक में 386 अंक प्राप्त किया था और फिलहाल चतरा में रहकर इंटर कला की पढ़ाई कर रही है। दैहर निवासी सह किसान दशरथ दांगी अपनी पुत्री के पढ़ाई लिखाई में कोई कसर नही छोड़ रहे है। तीन बहन व एक भाई में रेखा दूसरे नम्बर की बहन है। रेखा ने बताया कि दोनो पैरों से दिव्यांग होने की वजह से पढाई लिखाई में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था । ट्राईसाईकिल मिलने से मुझे पढ़ाई लिखाई के साथ अन्य दैनिक कार्यो में मददगार साबित होगा। रेखा बड़ी होकर जेपीएससी का परीक्षा पास कर अ०फीसर बनाना चाहती है।। दिव्यांग रेखा ने डीसी मैडम व कल्याण विभाग के प्रति आभार प्रकट किया। रेखा को ट्राईसाइकिल मिलने पर विद्यालय शिक्षक प्रेम पंडित, अभिमन्यु गौतम, उपेंद्र वर्मा, जयकिशोर पाण्डेय, किशोर प्रजापति, रजनी रेशमन, विभा कुमारी, प्रतिभा कुमार आदि ने डीसी के प्रति आभार प्रकट किया।

## पुरहरा में श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

### श्रीराम जी आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



श्रीराम जन्मोत्सव कार्यक्रम में मौजूद लोग

सोईया धमना पंचायत के पुरहरा हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार देर शाम विहिप के केंद्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीराम जन्मोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल सहसंयोजक बरही प्रखंड नितेश कुमार उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल संयोजक रसोईया धमना पंचायत मनोज कुमार उर्फ शंकर कुमार जी ने कार्यक्रम विधिवत प्रारम्भ करते हुए ओमकार ध्वनि,एकात्मता मंत्र तथा विजय महामंत्र का सामूहिक पाठ किया । तत्पश्चात मुख्य अतिथि, ज़िला पदाधिकारियों तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं का परिचय सत्र हुआ। इसके पश्चात बरही प्रखंड के बजरंग दल सहसंयोजक नितेश कुमार ने श्रीराम जन्मोत्सव पर अपना बौद्धिक दिया। अन्य वक्ता में मनोज कुमार ने हिन्दू समाज में वर्तमान समस्यों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। अंत में मुख्य अतिथि, बरही प्रखंड बजरंग दल सहसंयोजक नितेश कुमार ने, श्री राम जन्मोत्सव तथा श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम 6 अप्रैल तक, प्रखंड के अलावा खंड से लेकर ग्राम स्तर तक की समितियों को मनाना अनिवार्य है। साथ ही प्रखंड मंत्री को, प्रखंड समिति में अप्रशिक्षित, अनुशासनहीन कार्यकर्ताओं के स्थान पर, योग्य प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर सभी दायित्वों को शीघ्र ही पूर्ण कर पूर्ण समिति गठित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में पुरहरा ग्राम के विश्व हिंदू परिषद के सक्रिय सदस्य राजकुमार यादव नागेश्वर यादव आशीष कुमार यादव सतीश यादव किशन यादव जितेन महतो गमन यादव सुभाष कुमार संतोष कुमार सुगरण महतो कार्तिक यादव आदि उपस्थित हुए।

## रसोईया धमना में माता का जागरण का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना धमना पंचायत में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी के शुभ अवसर पर सप्तमी के दिन माता के जागरण का भव्य आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष नरेश कुमार, सचिव वीरेंद्र साव, कोषाध्यक्ष टुकलाल साहू, मीडिया प्रभारी नितेश कुमार, संरक्षक रघुनाथ साव, बासुदेव साहू, विजय कुमार, पंचायत के मुखिया गोविंद साव, समाजसेवी तपेश्वर साव, ग्रामीणों में सतीश कुमार, मनोज कुमार, सुबोध कुमार, विजय साव, गोपाल साव, रोहित कुमार आदि लोगों के द्वारा सामूहिक दीप प्रज्वलित करके किया गया। संपूर्ण रात माता का जागरण में एक से एक जीवंत झांकी प्रस्तुत किए गए जिसमे माँ शेरावाली के शक्ति रूप को दिखाया गया और भक्ति गीत में पूरा माहौल राम जी के जयकारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम में सारे कलाकारों ने धार्मिक गीतों को प्रस्तुत किया और एक एक करके माता के रूपों को झांकियों के द्वारा सनातन संस्कृति को प्रस्तुत किया। और लोगों को अपनी सनातन संस्कृति को चरितार्थ करके दिखाया। रामनवमी पूजा के संरक्षक रघुनाथ साव ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शो का पालन करके हम सभी अपने अच्छे चरित्र का निर्माण कर खुद को चरित्रवान बना सकते हैं। तथा आज अष्टमी के दिन भी ग्रामीणों द्वारा ही लोकल कार्यक्रम करवाया जाएगा। जिसमे अपने ग्राम के नन्हे मुन्हे कलाकारों द्वारा सुसज्जित तरीके से भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। कार्यक्रम में ग्राम के ही माताएं, अभिभावक, नन्हे मुन्हे बच्चे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## खराब चापानल एवं सोलर जलमीनार बनवाने मांग सीके पांडेय ने की

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा : जीप प्रतिनिधि समाजसेवी सी के पाण्डेय ने खराब पड़े चापानलों एवम खराब सोलर जलमिनरों की कई पन्नो की सूची बरकट्ठा प्रखंड विकास कार्यालय में सौपी है। जिसमें गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुवे जल्द बनवाने की अनुरोध किया गया है। ज्ञात हो कि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों जैसे बेलकप्पी, शिलाडीह, गोरहर, बरकट्ठा उत्तरी, बरकट्ठा दक्षिणी, कोनहारा खुर्द, चेचकप्पी ,झुरझुरी में निर्मित चापानल एवं सोलर जलमीनार कई महीनों से खराब पड़ी हुई है। सोलर जलमीनार लोगों के लिए सफेद के दाँत साबित हो रही है। समाजसेवी सी के पाण्डेय ने कहा कि संबंधित विभाग इसकी सुध नहीं ले रहा है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।






दिनांक: 29-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## भाजपा झारखण्ड सेल ने मुम्बई में मृतक युवक का शव हजारीबाग भेजा

### सेल अध्यक्ष मनोज सिंह व मंत्री दिनेश यादव का रहा विशेष सहयोग

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



मुम्बई में रहकर जीवकोपार्जन करने वाले झारखंडिओ के हित मे मुम्बई भाजपा झारखण्ड सेल लगातार कार्य कर रही है। सुख दुःख में लगातार तत्पर रहकर जनहित कार्यो में सेल के पदाधिकारी तत्पर रहते है। इसी कड़ी में हजारीबाग जिले के चलकुशा के 19 वर्षीय आदित्य ठाकुर पिता राजकुमार ठाकुर का निधन एक दुर्घटना में हो गया। गरीबी व लाचारी के कारण मृतक का पिता शव ले जाने में असमर्थ थे। दुःख की इस बेला में मृतक के पिता ने मुम्बई भाजपा झारखण्ड सेल के मंत्री सह चौपारण प्रखण्ड के केवलिया निवासी दिनेश यादव से संपर्क साधा। दिनेश यादव ने घटना के प्रति गहरी सवेदना प्रकट करते हुए सेल अध्यक्ष मनोज सिंह को सूचना देकर अपने टीम के साथ घटना स्थल पहुँचा। मामले की जानकरी लेकर दिनेश यादव ने अपने साथियों के सहयोग से तुरंत एम्बुलेंस उपलब्ध कराया और शव का अन्तरपरिक्षण करवा कर मृतक के पैतृक गांव के लिए रवाना किया। श्री यादव ने कहा कि मृतक को उचित मुआवजे के लिए हम अपने टीम के साथ होटल संचालक से बात किया है। संचालक ने उचित मुआवजा देने की बात कही है। इधर सेल अध्यक्ष मनोज सिंह ने दिनेश यादव व उनके टीम की सराहना करते हुए कहा कि मुम्बई सेल गठन के बाद से हम सब झारखंडिओ के हितों की रक्षा के लिए प्रयासरत है। मालूम हो कि मृतक युवक मुम्बई स्थित भायंदर वेस्ट नवरंग होटल में कार्य करता था। मौके सुरेश महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## खेल सामग्री का राशि लेकर वेंडर रंजीत सिंह फरार, शिक्षक परेशान

### केश दर्ज करने के लिए प्राचार्य ने बीईईओ से माँगा आदेश, कहा दुकान रहता है बंद, फोन नही उठाता वेंडर

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



शिक्षा विभाग द्वारा सभी सरकारी स्कूली को खेल सामग्री क्रय करने हेतु संबधित विद्यालयों के एसएनए खाते में राशि हस्तांतरित किया गया था। लगभग विद्यालयों ने संबधित वेंडरों के खाते में राशि भेज कर खेल सामग्री सुविधानुसार क्रय भी किया और कर रहे है। चौपारण प्रखण्ड के एक वेंडर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। जिन्होंने खेल सामग्री का राशि अपने खाते में मंगवा कर, न तो खेल सामग्री विद्यालय को उपलब्ध करवा रहे है और न शिक्षक का फोन उठा रहे है। इस संदर्भ में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बुकाड़ के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ प्रदीप कुमार ने प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर वेंडर ईगुनिया निवासी रंजीत सिंह के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए अनुमति माँगा है। डॉ साहू ने बताया कि हमारे विद्यालय के प्रबंधन समिति द्वारा रंजीत इंटरप्राइजेज, चौपारण, हजारीबाग जीएसटी संख्या 20CVXPS566/22ZE संचालक रंजीत कुमार सिंह वेंडर कोड – NAJHHA 00089254 का चयन किया गया था। रंजीत कुमार सिंह से खेल सामाग्री का कोटेशन लेकर पीएफएमएस के माध्यम से उनके खाते में आठ हजार रुपये की राशि हस्तांतरित किया गया। कोटेशन के समय तय किया उता था कि राशि खाता में आते ही खेल सामाग्री तुरंत दे दिया जाएगा। परंतु 28 दिन बित जाने के बाद भी आज तक ना तो इनके द्वारा सामान दिया गया और ना ही राशि लौटाई गई। प्रारंभ में इन्होंने आज – कल करके टाल-मटोल किया किंतु अब ये ना तो फोन उठाते हैं और ना ही दुकान खोलते हैं।

**जांचोपरांत होगा कानूनी कार्यवाई : बीईईओ**

इस संदर्भ में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मुझे लिखित शिकायत मिला है। मामले का जाँच पड़ताल किया जा रहा है, दोषी पाए जाने पर उक्त वेंडर पर कानूनी कार्यवाई के लिए आवेदन को अग्रसारित किया जाएगा।

## रामनवमी विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने प्रखंड के कई गांव में फ्लैग मार्च किया

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी से संबंधित विधि व्यवस्था संधारित करने को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाली गई। फ्लैग मार्च का शुभा. रंभ बड़कागांव थाना से शुरू किया गया। बड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार ,काली मंदिर, अंबेडकर मोहल्ला ,पंडित मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला ठाकुर मोहल्ला होते हुए पुनः बड़का गांव मुख्य चौक तक निकाली गई। इसके अलावा पुलिस प्रशासन ने महुदी गांव के अलावा कई गांव में जाकर फ्लैग मार्च किया ताकि विधि व्यवस्था कायम रहे। मौके पर थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि प्रखंड मे रामनवमी त्यौहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां की जा रही है। डीजे साउंड बजाने वाले , सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज डालने वाले एवं शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है जो भी पकड़े जाएंगे उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। फ्लैग मार्च में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे, इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, हजारीबाग डिप्टी , असिस्टेंट कमांडेंट,रेपिड एक्शन फोर्स के अलावा झारखंड पुलिस के भारी संख्या में जवान शामिल थे।

## मुसलमान रोजा रखते हैं और खुदा की इबादत करते हैं : शमीम

**अपेम लाइव : लातेहार**



श्री बंशीधर नगर : रमजान का पवित्र महीना चल रहा है यह महीना मुसलमानों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है उक्त बातें कुशडंड गांव के पूर्व सदर एवं समाजसेवी समीम अंसारी ने कही उन्होंने कहा कि माह ए रमजान सबसे पवित्र महीना माना जाता है इस पूरे महीने में मुसलमान रोजा रखते हैं और खुदा की इबादत करते हैं मुस्लिम समुदाय का मानना है कि इस महीने में खुदा की इबादत करने से बाकी महीनों से ज्यादा नेकियां मिलती हैं, जिससे जन्नत का दरवाजा खुल जाता है।वहीं, रमजान के महीने में रोजा रखने से सबसे ज्यादा नेकियां मिलती हैं उन्होंने कहा कि रोजा रखना हर मुसलमान के लिए जरूरी बताया गया है रोजा सिर्फ भूखे, प्यासे रहने का नाम नहीं बल्कि अश्लील या गलत काम से बचना है इसका मतलब हमें हमारे शारीरिक और मानसिक दोनों के कामों को नियंत्रण में रखना है. उन्होंने कहा रमज़ान रहमतों, बरकतों और इबादत का महीना है. इस्लाम के पांच अहम उस. ूलों में रोज़ा बहुत अहम है।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## राम नवमी के शुभ अवसर पर नृत्य कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : सदर प्रखंड के सासंग पंचायत के समीप पतरातू ग्राम में मंगलवार को राम नवमी पूजा के शुभ अवसर पर राम नवमी पूजा कमेटी के सदस्य चंदन प्रसाद, ददन साव, रवि पांडे ,पवन ,चरण, विनय पांडे, ,शिशुपाल सिंह ,अवधेश पांडे , विजय प्रसाद ,संजय साव, की अगुवाई में नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लोटो मा. निकपुरा कुरा मंडली के कलाकारों ने भाग लिया ।मौके पर पर मुख्य रूप में व्यास देव ,नारायण तिवारी मानिकपुरा ब्यास ,सुदेश्वर यादव ,अनुज तिवारी, बीरबल शुक्ला, ,अनुज तिवारी,जय प्रकाश प्रजापति उपस्थित थे। नृत्य कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा और श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, इस गीत से किया गया।वही व्यास के भगवान राम की कथा को बड़े ही विधिपूर्वक भजन के साथ सुनाया गया इस भजन को सुन लोग भगवान के मंगन में डूब गए वही झाल कीर्तन की गूंज से पूरा गांव झूम उठा। व्यास के द्वारा चइता गाया गया जहां पे सैकड़ों की कि संख्या में मौजूद लोग झूमते दिखाई पड़े ।इसके उपरांत कमेटी के सदस्य चंदन प्रसाद ने बताया कि राम नवमी पूजा के उपलक्ष में नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस तरह के कार्यक्रम होने से लोग काफी प्रभावित होते हैं और संगठन भी मजबूत होता है । आगे उन्होंने कहा कि हर साल की भांति इस बार भी भंडारा का भी आयोजन किया गया है। ददन प्रसाद ने बताया कि कल अखंड का आयोजन किया गया है इस खंड में दूर-दूर से लोग आकर इस अखंड में भाग लेंगे अखंड समय शाम 6:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक रखा गया। पवन चरण ने बताया कि हर साल की भांति इस बार भी रामनवमी का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से निकाला जाएगा

## भाजपा ने जन चौपाल की सफलता को ले किया बैठक

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जन चौपाल कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु एक बैठक का आयोजसन भाजपा जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई।ज्ञात हो कि जन चौपाल कार्यक्रम बरवाडीह के छिपादोहर मंडल में आगामी 4 अप्रैल मंगलवार को आयोजित किया जायेग । जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास भाग लेंगे।बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने कहा कि जन जन के नेता विकास पुरुष रघुवर दास का आगमन छिपादोहर में होने जा रहा है, जिसमें आम जनता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे, अतः आप सभी सम्मानित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्य योजना तय कर सफल बनाएंगे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजधानी प्रसाद यादव ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर जिला स्तर के कार्यकर्ता इस जन चौपाल कार्यक्रम में अपना शत-प्रतिशत शक्ति लगाएंगे तथा आम जनता का पूर्ण समर्थन मिलेगा क्योंकि रघुवर दास विकास पुरुष हैं इन्होंने अपने मुख्यमंत्री काल में पूरे झारखंड राज्य में शांति व्यवस्था कायम की तथा पूरे राज्य में विकास का कार्य किए थे। कहा कि अभी जिला में बूथ सशक्तिकरण का कार्य समाप्ति पर है जैसे ही वह सशक्तिकरण का कार्य संपन्न होगा, जिला में हम सभी सांगठनिक रूप से मजबूत होंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला के महामंत्री पंकज सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री बंसी यादव ने किया। बैठक जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, उषा देवी, मोती सोनी, जिला मंत्री रेनू देवी, जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडे, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष छोटू राजा, महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष शीला देवी, दिशा सदस्य रामदेव सिंह, कार्यालय मंत्री श्री गणेश प्रसाद श्री अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी पवन प्रसाद, ओबीसी जिला महामंत्री विष्णु प्रसाद गुप्ता अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री संदीप उरांव मौजूद थे।

## जय श्री राम.. जय हनुमान.. के जयघोष से गूंज उठा विष्णुगढ़

### सात किमी जुलूस में शामिल हुए हजारों रामभक्त





विष्णुगढ़ में महाष्टमी को लेकर निकाली गई जुलूस में शामिल विधायक समेत रामभक्त

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

रामनवमी की महाष्टमी को बनासो स्थित मां बागेश्वरी मंदिर में विभिन्न रामनवमी अखाड़ों एवं रामभक्तों के परंपरागत अस्त्र-शस्त्रों के पूजन परंपरा को लेकर बुधवार की विष्णुगढ़ में भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजारों रामभक्त शामिल हुए। विष्णुगढ़ रामनवमी महासमिति द्वारा निकाले गए जुलूस की शुरुआत रमुवां स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर से हुई। जहां बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रो. यदुनाथ पांडेय, विशिष्ट अथिति मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने रामभक्तों में जोश भरा। इसके बाद हजारों रामभक्तों का जत्था जय श्रीराम, जय बजरंग, जय भवानी का गगनभेदी जयघोष करते हुए सात किमी दूर स्थित बनासो के मां बागेश्वरी मंदिर के लिए बाइक से रवाना हुए। जुलूस के आगे आगे कुछ दूर तक विधायक जेपी पटेल भी साथ चले। श्रद्धा एवं भक्ति के इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए सड़क के दोनों किनारों पर लोगों की भीड़ जमा रही। बनासो के मां बागेश्वरी मंदिर में रामभक्तों के अस्त्र-शस्त्रों का पूजन किया गया तथा रामभक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बनासो पंडा परिवार की ओर से महासमिति के पदाधिकारियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वापसी के क्रम में नवादा स्थित बजरंगबली मंदिर में रामभक्तों के लिए फलाहार तथा शर्बत की उत्तम व्यवस्था की गई। पूरे जुलूस के दौरान भारी संख्या में पुलिस प्रशासन की टीम हरेक संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद रही। वापसी के पश्चात पुनः रम. ुवां दुर्गा मंदिर में जुलूस का समापन हो गया। मौके पर महासमिति अध्यक्ष वरुण कुमार, विनोद सिंह, सोबरन भगत, लखन प्रसाद, संरक्षक प्रो ओमकार नाथ शर्मा, अनुराग बर्मन, महेश पाण्डेय, सचिव निर्मल कुमार, शशि लाहकार, रविन्द्र बर्णवाल(दीपू भाई), विनय कुमार दास, मीडिया प्रभारी पवन प्रताप सिंह समेत बड़ी संख्या में रामभक्त जत्थे में शामिल रहे।

## राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने बांटा महाप्रसाद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी में आयोजित रामनवमी के कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने महाप्रसाद का वितरण किया ।ज्ञात हो कि महावीर मंदिर ठाकुरबारी परिसर में रामनवमी के आयोजन के 99 वर्ष होने के उपलक्ष पर बड़े ही धूमधाम से रामनवमी का त्यौहार मनाया जा रहा है। रामनवमी को लेकर मंदिर परिसर की आकर्षक रूप से सजावट की गई है। इस मौके पर नवरात्र के पहले दिन से ही महा आरती एवं विशेष पूजा अर्चना भक्तों के द्वारा की जा रही है। वही राम नवमी पूजा समिति के द्वारा संध्या में महा आरती के उपरांत महाप्रसाद का वितरण प्रतिदिन किया जा रहा है। श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में आरती समेत अन्य कार्यक्रमों में भाग लेकर पुण्य के भागी बन रहे हैं। महाप्रसाद वितरण में इनकी थी सहभागिता – प्रथम दिन महाप्रसाद का वितरण राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू प्रसाद के सौजन्य से वितरण हुआ । वही महाप्रसाद के वितरण में लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, नीरज नाथ गुप्ता, दुर्गा प्रसाद (विपिन गुप्ता), विकास तिवारी, विजय गुप्ता एवं सुधीर गुप्ता से के सौजन्य से महाप्रसाद का वितरण किया गया। की गई झंडा पूजा – नवरात्र के सप्तमी तिथि को झंडा पूजा मंदिर परिसर में की गई। वही अष्टमी को आकर्षक झांकी व शोभायात्रा निकाला गया। गुरुवार को आकर्षक झांकी के साथ ठाकुरबाड़ी रामनवमी पूजा समिति के सदस्य महा समिति के अखाड़े में शामिल होंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में राजेश अग्रवाल, गिरधारी प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, उदय प्रसाद,प्रीतम गुप्ता, रवि गुप्ता, बृजेश अग्रवाल, रूपेश कुमार, राजीव कुमार ,विशाल अग्रवाल,संतोष गुप्ता समेत कई राम भक्तों का सराहनीय योगदान देखा जा रहा है।




UDISE CODE - 20040105606
Arise Awake & Achieve

SWAMI VIVEKANANDA ACADEMY

Run And Managed By Vivekanand Education And Welfare Trust Barhi, Reg. No- 2020/BAR/1085/BK4/10
Charmile, Khorahar, Barhi (Hazaribag) 825405
Mob. : 9955067983, 9934680783
Email Id : swamivivekanandaacademy12@gmail.com, bkyadav683@gmail.com

Career Opportunities

Candidate with relevant teaching experience, fluent in English and should be qualified from JAC, CBSE

TEACHER REQUIREMENT

| Sl. No. | Post | Qualifaction |
|---|---|---|
| 1 | Pre Primary Teachers | Graduate Pre-Primary Certification |
| 2 | Primary Teachers | Graduate +B.ed, D.EL.ED |

Subject Teacher : English/ SST/Science

Applicant Candidate may Mail their details resume within 7 days to
Mail id : bkyadav683@gmail.com
WhatsApp : 9934680783
Principal : 9470318683

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## रामनवमी पर्व को लेकर प्रशासन ने निकाली फ्लैग मार्च

### रामनवमी में खलल डालने वालो पर होगी कार्रवाई : बी डी ओ

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : बुधवार को प्रखण्ड प्रशासन एवं थाना प्रशासन ने संयुक्त रूप से रामनवमी पर्व को लेकर फ्लैग मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व बी डी ओ हुलास महतो एवं इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।फ्लैग मार्च कान्हाचट्टी बाजार, जमरी बक्सपुरा, चारु, आरुगड़ा, मदगड़ा सहित दर्जनों गांवों में निकाली गई। फ्लॉग मार्च निकाल कर प्रशासन ने कहा कि रामनवमी त्योहार शांति और शौहार्द रूप से मनावें। त्योहार में खलल डालने वालों पर प्रशासान का पैनी नजर रहेगा।वहीं ड्रोन कैमरे से भी कई जुलूसों पर निगहबानी होगी। इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी ने कहा कि रामनवमी त्योहार शांति से मनाने के लिए पुलिस सभी अखाड़ों में तैनात रहेगी।उन्होंने कहा कि पुलिस सिविल में भी रह कर हुड़दंगियों पर नजर रखेगी।मौके पर थाना प्रभारी विकास पासवान, जे एस आई नंदन कुमार सिंह,धर्मनाथ उरांव सहित दर्जनों जिला बल के जवान मौजूद थे।

## मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व महिला नेत्री ममता देवी ने संयुक्त रूप से शिक्षण संस्थान, ब्यूटी पार्लर एवं बीसी प्वाइंट का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रखंड अंतर्गत करियातपुर साहू मार्केट में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं महिला नेत्री ममता देवी ने विधिवत रूप से एक शिक्षण संस्थान, ब्यूटी पार्लर एवं बीसी प०इंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि द गाइड इंस्टिट्यूट साहू मार्केट में खुल जाने से आस-पास के बच्चो को शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। और यहां पर इस शिक्षण संस्थान में अच्छी शिक्षा मिल पाएगी। शिक्षण संस्थान के संचालक अंकित कुमार ने कहा कि यहां इंस्टिट्यूट खुल जाने से यहां लोकल बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल पाएगी, और कम दामों में अच्छी से अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जाएगी। महिला नेत्री ममता देवी ने कहा कि ब्यूटी पार्लर खुल जाने से यहां की महिलाओं एवं बच्चियों को काफी सुविधाएं होगी तथा कम दाम में अच्छी क्वालिटी की क्रीम एवं सभी चीजों का इस्तेमाल किया जाएगा। सही दामों पर ब्यूटीशियन अन्य कार्य किए जाएंगे। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला नेत्री ममता देवी, प्रकाश साव, विकाश यादव, अजय कुमार, तिलक महतो, ब्रह्मदेव यादव, जागेश्वर साव, मनोज कुशवाहा, मनोज केसरी, कृष्णा कुमार, विकास यादव, महेंद्र प्रसाद, राजेश शर्मा, रवि कुमार, अंकित कुमार, संतोष कुमार, समीर अंसारी, विक्की कुमार, सुजीत कुमार,गीता देवी, पूनम देवी, सीमा कुमारी, अंशिका गुप्ता, सहित कई महिला एवं पुरुष शामिल थे।

## भगवान राम ने समाज मे फैली कई कुरीतियों को समाप्त कर जीवन का आदर्श प्रस्तुत किये : मानस प्रिया सुमित्रा

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




श्री बंशीधर नगर-प्रखण्ड के चितविश्राम ग्राम में वासंतिक नवरात्र के अवसर पर आयोजित श्री रामकथा के सातवें दिन कथा वाचिका मानस प्रिया सुमित्रा देवी ने कहा कि रामचरितमानस वह दर्पण है जो शरीर नही बल्कि चरित्र के कमियों को दूर करता है.उन्होंने कहा कि भगवान राम ने समाज मे फैली कई कुरीतियों को समाप्त कर जीवन का आदर्श प्रस्तुत किये.उन्होंने कहा कि भगवान राम ने राजाओं के बीच अनेकों विवाह अर्थात बहु पत्नी प्रथा की फैली हुई कुरीति को समाप्त कर केवल एक माँ सीता को पत्नी के रूप में स्वीकार कर एक आदर्श प्रस्तुत किया.उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास ने समाज के लिये आदर्श का,मर्यादाओं का बिंब खींचा है,जिसे आज हर घर मे चेहरा देखने के लिये दर्पण के साथ जीवन जीने के आदर्श के लिये रामचरितमानस रूपी दर्पण की आवश्यकता है.उन्होंने कहा कि रामचरितमानस समाज को जीवन जीने का रास्ता दिखाता है.यह न हिंदुओ का ग्रंथ है और ना मुसलमानों का यह तो इंसान का ग्रंथ है,क्योंकि यह मनुष्य को इंसान बनाता है.मानस कथा में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## भामाशाह विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित, बेहतर भैया बहनों को किया गया सम्मानित


**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य एवं समिति के लोग

भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में वार्षिक परीक्षा 2022-23 का परीक्षाफल प्रकाशित किया गया। परीक्षाफल का प्रकाशन विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, साहू, समाज के पदेन मुखिया सदस्य सुरेश साव और प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के द्वारा सयुंक्त रूप से किया गया। प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त भैया-बहनों को विद्यालय के प्रधानाचार्य और समिति सदस्यों के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्रत्येक कक्षा से सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले एक-एक भैया-बहन को पुरस्कृत किया गया। साथ ही विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ आचार्य के रूप में धीरज कुमार, सर्वश्रेष्ठ आचार्या के रूप में नेहा मिश्रा, उत्कृष्ट आचार्य के रूप में अरुण कुमार झा और इस सत्र का सर्वाधिक उपस्थिति का पुरस्कार पुष्पलता कुमारी को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि परीक्षा में कोई सफल या असफल नहीं होता बल्कि यह तो उसे अपनी गलतियों को सुधारने और अपने व्यक्तित्व को निखारने का एक नया अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का संचालन आचार्य धीरज कुमार और धन्यवाद ज्ञापन परीक्षा प्रमुख सुनील कुमार महतो के द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे।



दिनांक: 29-03-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## महा अष्टमी पर नौ कन्या पूजन व राम उत्सव का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : बासंतिक चौत्र नवरात्र के महा अष्टमी तिथि को विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति के तत्वावधान में नौ कन्या पूजन एवं श्रीराम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसकी अध्यक्षता जिला संयोजिक कंचन शौंडिक ने की।कार्यक्रम का आयोजन शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में किया गया।कार्यक्रम में नौ कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए जिला संयोजिका कंचन शौंडिक ने भगवान श्रीराम के चरित्र का वर्णन किया।उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने पिता के वचनों मान रखने के लिए 14 वर्षों का वनवास हंसते–हसंते स्वीकार कर लिया था। उन्होने समाज में एक आर्दश स्थापित किया और दुराचारी रावण का वध कर असत्य पर सत्य की विजय दिलायी और मर्यादा पुरूषोतम कहलाये।सुश्री शौंडिक ने आगे कहा कि रामनवमी का पर्व चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है।इस दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम का का जन्म हुआ था।सह संयोजिका स्वाती गुप्ता ने किशोरियों को सशक्त होने की अपील की कहा कि भारत में मातृ शक्ति को सर्वापरी स्थान दिया गया है।कार्यक्रम में नगर संयो. जिका जया कुमारी, अंकिता विश्वकर्मा, सोनल कुमारी, अमिशा चौहान, सोनम वर्मा, कुमकुम कुमारी, अनुराधा शौंडिक, स्वेता गुप्ता, खुशी कुमारी, पीहू दास, सिद्धी दास समेंत दुर्गा वाहिनी की कई सदस्य उपस्थित थीं।

## बड़कागांव दैनिक बाजार बादम एवं सिकरी मंदिर मे अष्टमी पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : बड़कागांव, सिकरी एवं बादम में रामनवमी को लेकर मां दुर्गे की अष्टमी पूजा की गई। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां दुर्गे की पूजा अर्चना की एवं सुख व समृद्धि की कामना माता से की। आज नवमी एवं कल दशमी को प्रखंड के कई गांव में मेला एवं झांकी के साथ जुलूस निकाली जाएगी जिसमें दर्जनों गांव के हजारों लोग होंगे शामिल। नवमी के दिन हरली, नापो एवं प्लांडू मे झांकी व जुलूस 2 बजे से प्रखंड मे नवमी की रोज दिन समय दोपहर 2:00 बजे से ही हरली ,नापो एवं पलांडू गांव में कई गांव के द्वारा झांकी एवं जुलूस निकलना शुरू हो जाएगा। हरली में पूजा समिति के अध्यक्ष रामसुंदर महतो, नापो में अध्यक्ष संजय साहू एवं पलांडू में अध्यक्ष सूबेदार करमाली एवं पदाधिकारियों के देखरेख में कई गांव से आए जुलूस एवं झांकी का मूल्यांकन कराया जाएगा। तत्पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जुलूस झांकी एवं करतब दिखाने वाले कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा

**दशमी की रोज बड़कागांव में 10 बजे रात से झांकी एवं जुलूस** रामनवमी के दशमी के रोज बड़कागांव मुख्यालय में बड़कागांव पश्चिमी ,मध्य एवं पूर्वी पंचायत में संचालित 12 रामनवमी पूजा समिति अखाड़ा के द्वारा रात 10रू00 बजे से भव्य जुलूस एवं झांकी निकाली जाएगी जो दूसरे दिन तक जारी रहेगा। बड़कागांव मुख्य चौक पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बिंदु दांगी एवं महासमिति के पदाधिकारियों की देखरेख में झांकी व जुलूस के मूल्यांकन के पश्चात दूसरे दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**शांति व्यवस्था के लिए भारी संख्या में पुलिस तैनात** बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी त्योहार को लेकर आवश्यकतानुसार कई गांव में शांति समिति की बैठक की जा रही है। सोशल मीडिया ग्रुप में भड़काऊ मैसेज डालने वाले शरारती तत्वों ,डीजे पर प्रतिबंध पर पुलिस की ओर से विशेष ध्यान जा रही है। पुलिस अपनी ओर से कोई कोताही बरतना नहीं चाहती है, जुलूस पर सीसीटीवी कैमरा से लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस द्वारा शरारती तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है ताकि बड़कागांव में शांतिपूर्वक रामनवमी संपन्न हो सके।

## रामनवमी में चयकला से निकलेगी भव्य झांकी,राम दरवार और राम राज्य की दिखेगी झलक

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



रामनवमी में प्रखण्ड के चयकला पंचायत के ग्राम चयकला से भव्य झांकी निकलेगी। इसकी तैयारी ग्रामीणों द्वारा पूरे जोर शोर से किया जा रहा है। यह झांकी चयकला से निकलकर दादपुर अखाड़े में नौवीं के दिन शामिल होगी। इस सम्बंध में कमिटी के लोगों के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर एक भव्य झांकी का निर्माण किया गया है जिसमें राम दरबार और राम राज्य का दृश्य , 80 के दशक के दृश्य के साथ साथ वर्तमान समय में हो रहे घटनाओं के आधार पर आधारित तथा वर्तमान समय में घर परिवार समाज के कुरुतियों का स्थिति को दिखाने का प्रयास किया गया है। चयकला रामनवमी पूजा समिति के झांकी का निर्देशन अशोक कुमार दांगी कर रहे हैं। वहीं रामनवमी पूजा के भव्य आयोजन में पूजा समिति के अध्यक्ष मि. थलेश राणा , उपाध्यक्ष संजीत कुमार , सचिव शंभू कुमार ,उपसचिव कैलाश साव, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार दांगी और उपकोषध्यक्ष अखिलेश दांगी , सहयोगी किंकर ठाकुर, सकलदेव यादव, सुनील राणा, अशोक साव, रविकांत वर्मा, रंजीत दांगी, संदीप दांगी, अनिल कु दांगी, अविनाष ठाकुर, दिलीप दांगी, आदित्या दांगी, राहुल शर्मा, बनवारी पासवान, सचिन ठाकुर, रोहित कुमार शर्मा तथा समस्त चयकला ग्रामवासियों का सहयोग मिल रहा है।

## डपोक पांडेय टोला के लिए जिप उपाध्यक्ष ने उपलब्ध कराया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डपोक पांडेय टोला वासियों को जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव के प्रयास से ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया गया है। अब जल्द ही पांडेय टोला वाले लोगों का बिजली समस्या से निजात मिल जायेगी। गौरतलब हो की पिछले 15 दिनों से बिजली समस्या से ग्रामीण जूझ रहे थे। बोर्ड परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों को काफी परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों ने इस समस्या को जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव के पास रखा था। उनके प्रयास एवं पहल के बाद 63 केवी का ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को उपलब्ध कराया और ग्रामीणों को सौंपा। ग्रामीणों ने इसके लिए जिप उपाध्यक्ष के प्रति आभार जताया है। मौके पर ग्रामीण मनोज कुमार यादव , उपेंद्र पांडे , कुलदीप पांडेय,रंजीत पांडेय , रामेश्वर पाण्डे,मुकेश सोनी , महेंद्र साव, बबलू पांडेय,दीपक पांडेय, किशन पांडेय , संजय पांडेय आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## विष्णुगढ़ के अखाड़ा चौक में रामनवमी पूजा महासमिति कार्यालय का किया गया उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के अखाड़ा चौक में मंगलवार को रामनवमी पूजा महासमिति कार्यालय का उद्घाटन किया गया। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष वरूण कुमार ने महासमिति के अन्य पद. धारियों की उपस्थिति में नारियल फोड़कर तथा फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इसके बाद लोगों के बीच मिठाई का वितरण किया गया। इस मौके पर महासमिति के अध्यक्ष वरूण कुमार ने कहा कि विष्णुगढ़ में इस वर्ष छह झांकियों का आयोजन किया जाएगा। इन सभी झांकियों की संयुक्त रूप से विधि व्यवस्था एवं शांति, सौहार्द एवं सहयोग को लेकर रामनवमी महासमिति प्रतिबद्ध है। इस मौके पर सचिव निर्मल कुमार, कोषाध्यक्ष दीपू भाई, गुरू प्रसाद साव, बिनोद सिंह, अनुराग बर्मन, प्रो ओमक. ारनाथ शर्मा, राजेन्द्र दूबे, संतोष कुमार, पवन प्रताप सिंह, भोला बरनवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

## बेतला में नीलांबर पीताम्बर सामुदायिक बिक्री केंद्र की हुई शुरुआत

**अपेम लाइव : लातेहार**



बरवाडीह/लातेहार : बेतला नेशनल पार्क में बनाए गए मार्केट कंपलेक्स में बुधवार को नीलांबर पितांबर किसान समूह के द्वारा संचालित नीलांबर पितांबर सामूहिक बिक्री केंद्र की शुरुआत की गई। जिसका उद्घाटन डीएफओ प्रजेश कांत जैना और जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर और कन्हाई सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह के बाद अतिथियों के द्वारा बिक्री केंद्र में लगाए गए सामग्री का निरीक्षण किया गया इसे देख अतिथियों ने जमकर प्रशंसा की। संचालन समिति के द्वारा अतिथियों को बताया गया कि बिक्री केंद्र के माध्यम से बेतला नेशनल पार्क के आसपास के गांव में उत्पादित लघु कलाकृतियों एवं स्थानीय खाद्य सामग्री व उत्पादों को बिक्री करने का काम किया जाएगा, जहां उसे बनाने और उत्पाद करने वाले लोगों के लिए बिक्री का केंद्र होगा। डीएफओ श्री जेनरेट मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बिक्री केंद्र स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोगों को तो एक बेहतर रोजगार देगा ही इस केंद्र में बिकने वाले सामग्री से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा क्योंकि पर्यटन स्थलों पर स्थानीय स्तर की सामग्री की डिमांड होती है जिसे देखने और खरीदने को लोग पहुंचते हैं। वही जीप सदस्य ने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से स्थानीय लोगों को अपने द्वारा बनाई गई और उत्पादित की गई सामग्री को बेचने का तो बेहतर स्थान मिलेगा ही साथ ही जो चीजें हम ला. ोगों से दूर हो चुकी थी एक बार इस माध्यम से फिर से साथ होगी। इस दौरान मौके पर मल्टी आर्ट के सचिव मिथिलेश कुमार, विनोद कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स हेरेंज, वनपाल संतोष कुमार सिंह, ममता कुमारी कश्यप, संतोष दुबे, नीरज कुमार, मकलदेव सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आए किसान मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## विष्णुगढ़ सीएचसी में लगे स्वास्थ्य मेला में 678 मरीजों का हुआ इलाज

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, विष्णुगढ़ में बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, जिप सदस्य शेख तैयब, प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ कपिल मुनि, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, किशोर कुमार मंडल, विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, सीएचसी प्रभारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की यह बेहतर पहल है। एक ही स्थान पर सभी तरह के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज की व्यवस्था, सभी तरह की जांच एवं दवाइयां मुफ्त में उपलब्ध होने से लोगों को सुविधा होगी। शिविर में कई दिव्यांगों के बीच ट्राई साईकल का भी वितरण किया गया। मेले में कुल 22 स्टॅाल लगाए गये थे। सभी में अलग अलग इलाज एवं जांच की व्यवस्था थी। मेले में कुल 678 मरीजों का इलाज किया गया। सबसे अधिक भीड़ आंख, दांत, महिला रोग, योग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा के स्ट०ल में रही। विधायक ने सभी स्टॅाल का निरीक्षण कर संतुष्ट हुए। विधायक के हाथों दिव्यांगों को ट्राइ साइकिल, फाइलेरिया किट, आंख रोगियों को चश्मा आदि का वितरण किया। मौके पर बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सरयू में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

**अपेम लाइव लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : नवनिर्मित सरयू प्रखंड कार्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख अंमिता देवी, जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, 20 सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, उप प्रमुख सुनील उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी सालखू हेम्ब्रम, सीओ शंभू राम, चोराहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी, घासीटोला पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी, गनेशपुर पंचायत के मुखिया राजेश सिंह, लातेहार सदर अस्पताल के डीएस डॉक्टर अरविंद कुमार, गारू रेफरल अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को उद्‌घाटन किया। वहीं इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने कहा कि हरेक व्यक्ति को स्वास्थ सुविधा दिलाना सरकार का लक्ष्य है। सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य मेला में, आयुष्मान कार्ड, मलेरिया, शिशु स्वास्थ्य, फलेरिया, मोतियाबिंद, परिवार नियोजन, कुष्ठ रोग, समेत अनेकों प्रकार की बीमारियों का अलग-अलग स्टॉल लगाकर निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्र के सैकड़ों मरीजों ने स्वास्थ मेला का लाभ उठाया। वहीं चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य से संबंधित अन्य जानकारियां भी दिया गया।

## अंबाजीत मे संचालित श्री चंडी महायज्ञ में संजीव बेदिया हुए शामिल

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार के सदस्य संजीव बेदिया ने बुधवार को प्रखंड के अंबा जीत गांव में आयोजित श्री श्री 108 रूद्र चंडी महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्री बेदिया महायज्ञ अनुष्ठान में पूजा करते हुए यज्ञ मंडप का परिक्रमा भी की। उन्होंने कहा कि महायज्ञ होने से पर्यावरण का शुद्धिकरण के साथ समाज में व्याप्त वि. संगतियां दूर होती है। गांव के लोगों के बीच आपसी एकजुटता बनी रहती है। भगवान की कृपा से लोगों को सुख व समृद्धि प्राप्त होती है। इसी प्रकार क्षेत्र में शांति सौहार्द बना रहे मैं ईश्वर से कामना करता हूं कि लोग मिलजुल सौहार्द बना कर रहे। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष गोपीनाथ सिंह, सचिव अशोक सिंह, राज. कुमार सिंह, दिवाकर शर्मा, मिशन सिंह, राधा कृष्ण सिंह, चिंतामणि साहू, ध्रुव सिंह, रघुनाथ साव, उमा सिंह, श्याम भार्गव, दीपक सिंह, रवि सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## रामनवमी का पर्व आज समूचे देश में मनाया जा रहा है

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सन्नी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : रामनवमी का पर्व आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह पर्व भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार रामनवमी चौत्र मास के नौवें दिन मनाई जाती है। रामनवमी से पहले नौ दिन के नवरात्र व्रत रखे जाते हैं। वहीं वहीं मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह ने लोगों को राम नवमी की बधाई दी है। अपने संदेश में श्री सिंह ने कहा कि भारतीय परंपरा में भगवान राम सदाचार, साहस और करुणा के प्रतीक हैं। उनका जीवन सत्य, न्याय, गुरुजनों के लिये सम्मान और मानवता के प्रति प्रेम के सिद्धांतों का पर्याय है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम सच्चे अर्थ में आदर्श राजा, आज्ञाकारी पुत्र, स्नेही भाई और आदर्श के रूप में पूज्य हैं। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि भगवान राम का जीवन लोगों को महान आदर्शों और उच्च नैतिक मूल्यों के लिए प्रेरित करता है। विधायक ने रामनवमी पर लोगों के जीवन में शांति और प्रसन्नता की कामना की। इधर बरवाडीह पश्चिमी क्षेत्र के जिप सदस्य संतोषी शेखर ने रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। एक ट्वीट में संतोषी शेखर ने भगवान श्रीराम की कृपा से सब के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। रामनवमी को लेकर महावीरी ध्वजा की दुकानें सजी महावीरी ध्वजा व पूजन सामग्री की मौसमी से बरवाडीह के प्रमुख बाजार पट गया है। इन दुकानों में महावीरी ध्वजा खरीदने वालों की भीड़ देखी जा रही है। दुकानदार पिकू अग्रवाल ने बताया कि बाजार में 20 रुपए से लेकर 300 रुपए तक के वेलवेट व सार्टिन के बने महावीरी ध्वजा उपलब्ध है। वहीं पूजन सामग्री का पैकेट 50, 100 से 150 रुपए में उपलब्ध है। कुल मिलाकर एक महावीरी ध्वजारोहण पर ओसतन ढ़ाई सौ से तीन सौ रुपए तक का खर्च है। दरअसल रामनवमी पर महावीरी ध्वजारोहण की परम्परा है। घरदृघर में लोग विधिवत पूजा अर्चना कर महावीरी ध्वजारोहण करते है। इस मौके पर बजरंबली मंदिर में श्रद्धालु पूजा अर्चना भी करते है। वहीं बरवाडीह की प्राचीन पहाड़ी मंदिर में रामनवमी के दिन श्रद्धालुओं की तांता लगी रहती है, वहीं रामनवमी के दिन मंदिर परिसर में भक्तों का मेला लगता है। इस मंदिर में भक्त लातेहार जिला के साथदृसाथ पलामू, गढ़वा और छत्तीसगढ़ जिले से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचते है।

### आज निकलेगी राम जी की झांकी व झंडा

बरवाडीह के कई स्थानों से आज राम जी का झंडा के साथदृसाथ झांकी निकाली जाएगी, सभी झंडा व झांकी अपना गांव मोहल्ला का भ्रमण करते हुवे बरवाडीह बस स्टेंड महावीर चौक के पास सभी झंडा का मिलन होगा। वहीं बस स्टेंड महावीर पूजा समिति द्वारा बस स्टेंड महावीर चौक पर रामनवमी झंडा सह अखाड़ा मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमे समिति द्वारा सभी अखाड़ों को सम्मानित किया जाएगा।

